प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

******************

चक्रवाती तूफान 'दाना' का झारखंड के कई इलाकों में असर दिख रहा है। राज्य के कोल्हान प्रमंडल के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हो रही है। इसके अलावा गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, रांची, साहिबगंज और लोहरदगा में भी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कोल्हान में ऑरेंज तथा रांची और आसपास के इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश और तूफान को देखते हुए कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में सभी स्कूलों को आज बंद रखा गया है। इधर सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने चक्रवर्ती तूफान दाना को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि क्षेत्र में देर रात से बारिश हो रही है।

******************

इधर तूफान को देखते हुए रांची – पुरी से आने जाने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं कोलकाता और भुवनेश्वर की फ्लाइट भी रद्द कर दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग ने कोल्हान प्रमंडल के जमशेदपुर और चाईबासा में दो–दो और सरायकेला में एक एनडीआरएफ की कंपनी को तैनात किया है। बिजली विभाग ने भी तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है।

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस चरण में राज्य के 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 13 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। कल एक दिन में पहले चरण के लिए दो सौ तिहत्तर प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था और आज भी बड़ी संख्या में प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। सरायकेला से भाजपा प्रत्याशी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज अपनी नामजदगी के परचे दाखिल किये। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि राज्य की सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

******************

इधर, सिल्ली सीट से आज आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने भी अपना नामांकन भरा। उनके नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शामिल हुए।

******************

इस बीच कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सात और सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने हजारीबाग जिले की बरही सीट से मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काटकर उनकी जगह अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जगह उनकी पत्नी निशत आलम को पाकुड़ से उम्मीदवार बनाया गया है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की है। पार्टी ने खूंटी से प्रत्याशी बदल दिया है। स्नेहलता कंडुलना की जगह अब रामसूर्या मुंडा को टिकट दिया गया है। सरायकेला सीट से भाजपा के चंपाई सोरेन के खिलाफ गणेश महली को उम्मीदवार बनाया गया है।

******************

बरही सीट से कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने से नाराज मौजूदा विधायक उमाशंकर अकेला ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। श्री अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर टिकट बंटवारे पर पैसों की लेन–देन करने का आरोप लगाया है। इस बीच भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा का भी आरोप है कि कांग्रेस के भीतर 20 प्रतिशत टिकट बेचने का काम किया जाता है।

******************

विधानसभा चुनाव को लेकर खूंटी जिले में स्वीप कोषांग की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए कई गतिविधियों का सहारा लिया जा रहा है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

******समाप्त******